Date : 24.06.2022

संस्थान ने जन समुदाय के साथ मिलकर आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया|

इस खबर को विभिन्न समाचार पत्रों ने "IGIPESS-पूरे वर्ष योग शिविर लगाने का कर रहा विचार" शीर्षक के साथ प्रकाशित किया

दैनिक स्पोर्ट्स एज
खेल समाचार पत्र
खेल भोपाल, शुक्रवार 24 जून, 2022 | 02

# आईजीआईपीईएसएस- विकासपुरी जन समुदाय के लिए पूरे वर्ष योग शिविर लगाने का कर रहा विचार



नई दिल्ली। इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान ( आईजीआईपीईएसएस) विकासपुरी ने योग को व्यायाम और खेल के रूप में बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर अपने एक माह के योग शिविर के समापन के अवसर पर यह विचार किया है कि योग शिविर को पूरे वर्ष जारी रखा जाए। 'जन समुदाय के लिए एक माह का योग शिविर' का समापन करते हुए आईजीआईपीईएसएस की संचालन समिति के अध्यक्ष, श्री सुरेंद्र जगलान ने कहा कि 'यह योग कार्यक्रम बेहद लोकप्रिय हो गया है और इसलिए इसे पूरे साल आयोजित किया जाना चाहिए।'

इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान द्वारा जन समुदाय के लिए एक महीने का योग शिविर का आयोजन 21 मई, 2022 को शुरू हुआ, जिसका समापन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था और उन्होंने योग शिविर की भव्य सफलता के लिए अपना आशीर्वाद दिया और आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर श्री सुरेंद्र जगलान, कोषाध्यक्ष श्री. सुरेंद्र कुमार एवं खेल टुडे के एडिटर-इन-चीफ श्री राकेश थपलियाल को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।

प्राचार्य प्रो. संदीप तिवारी ने संस्थान का संक्षिप्त इतिहास और इस संस्थान के छात्रों की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, योग शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयासों और इस संस्थान के छात्रों के योगदान को लोकप्रिय बनाने और लोगों के बीच योग संस्कृति को आत्मसात करने में विशेष रूप से उल्लेख किया गया। इस कार्यक्रम में तीन सौ से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे। समुदाय के लिए महीने भर चलने वाले योग शिविर की देखरेख आईजीआईपीईएसएस के योग विशेषज्ञ एवं शिक्षक प्रो. जे.पी. शर्मा और प्रो. तारक नाथ प्रमाणिक ने की। सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों का उत्साह काबिले तारीफ था। कुछ अनुभवी प्रतिभागियों ने योग आसन भी प्रदर्शित किए, जो शानदार थे। संस्थान के विद्यार्थियों ने विभिन्न आसनों का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस शिविर के प्रतिभागियों ने दैनिक जीवन में योग के महत्व के बारे में बहुत कुछ सीखा। इस कार्यक्रम में समुदाय के प्रतिभागियों के अलावा, स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। उक्त कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग यूट्यूब पर उपलब्ध थी। श्री सुरेंद्र जगलान ने जानकारी दी कि दिल्ली के मुख्यमंत्री माननीय श्री अरविंद केजरीवाल जी ने जनवरी 2022 से राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले सभी लोगों के लिए पड़ोस में मुफ्त योग कक्षाएं प्रदान करने के लिए "दिल्ली की योगशाला" का शुभारंभ किया। कोई भी सदस्य ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से या 01171860647 नंबर पर कॉल करके इस सुविधा का लाभ उठा सकता है।कोषाध्यक्ष श्री सुरेंद्र कुमार ने भी प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया। श्री राकेश थपलियाल ने योग के महत्व पर जोर दिया और युवा पीढ़ी से योग में सक्रिय रूप से भाग लेने और इसे जीवन का एक तरीका बनाने की अपेक्षा की। उन्होंने योग को एक खेल के रूप में और रोजगार के अवसर के रूप में भी बताया। अंत में कार्यक्रम के समापन की औपचारिक घोषणा करते हुए योग शिविर के अध्यक्ष प्रो. संदीप तिवारी ने इस कार्यक्रम में शामिल अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों को धन्यवाद दिया और कहा कि संस्थान के गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्यों की उल्लेखनीय भूमिका रही है. इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में।

# पूरे वर्ष योग शिविर लगाने पर विचार

नई दिल्ली, वार्ता

## ■ जन समुदाय के लिए एक माह का योग शिविर का समापन

इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान विकासपुरी ने योग को व्यायाम और खेल के रूप में बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपने एक माह के योग शिविर के समापन के अवसर पर कहा कि योग शिविर को पूरे वर्ष जारी रखा जाए। जन समुदाय के लिए एक माह का योग शिविर का समापन करते हुए आईजीआई पीईएसएस की संचालन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र जगलान ने कहा कि यह योग कार्यक्रम बेहद लोकप्रिय हो गया है और इसलिए इसे पूरे साल आयोजित किया जाना चाहिए। इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान द्वारा जन समुदाय के लिए एक महीने का योग शिविर का आयोजन 21 मई को शुरू हुआ, जिसका समापन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ।दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था और उन्होंने योग शिविर की भव्य सफलता के लिए अपना आशीर्वाद दिया और आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर सुरेंद्र जगलान, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार एवं खेल टुडे के एडिटर इन चीफ राकेश थपलियाल को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। प्राचार्य प्रो. संदीप तिवारी ने संस्थान का संक्षिप्त इतिहास और इस संस्थान के छात्रों की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, योग शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयासों और इस संस्थान के छात्रों के योगदान को लोकप्रिय बनाने और लोगों के बीच योग संस्कृति को आत्मसात करने में विशेष रूप से उल्लेख किया गया।

लोकसत्य www.epaper.loksatya.com
खेल
नई दिल्ली 11
शुक्रवार, 24 जून 2022

# आईजीआईपीईएसएस का पूरे वर्ष योग शिविर लगाने पर विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान (आईजीआईपीईएसएस) विकासपुरी ने योग को व्यायाम और खेल के रूप में बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर अपने एक माह के योग शिविर के समापन के अवसर पर यह विचार किया है कि योग शिविर को पूरे वर्ष जारी रखा जाए।

जन समुदाय के लिए एक माह का योग शिविर' का समापन करते हुए आईजीआईपीईएसएस की संचालन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र जगलान ने कहा कि 'यह योग कार्यक्रम बेहद लोकप्रिय हो गया है और इसलिए इसे पूरे साल आयोजित किया जाना चाहिए। इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान द्वारा जन समुदाय के लिए एक महीने का योग शिविर का आयोजन 21 मई को शुरू हुआ, जिसका समापन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ।दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था योग शिविर की भव्य सफलता के लिए अपना आशीर्वाद दिया।

वर्षों से राष्ट्र की सेवा में समर्पित
वीर अर्जुन
वीर अर्जुन, नई दिल्ली, 24 जून, 2022

# आईजीआईपीईएसएस पूरे वर्ष योग शिविर लगाने का कर रहा विचार



**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान विकासपुरी ने योग को व्यायाम और खेल के रूप में बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर अपने एक माह के योग शिविर के समापन के अवसर पर यह विचार किया है कि योग शिविर को पूरे वर्ष जारी रखा जाए। जन समुदाय के लिए एक माह का योग शिविर' का समापन करते हुए आईजीआईपीईएसएस की संचालन समिति के अध्यक्ष, श्री सुरेंद्र जगलान ने कहा कि 'यह योग कार्यक्रम बेहद लोकप्रिय हो गया है और इसलिए इसे पूरे साल आयोजित किया जाना चाहिए।' इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान ... योग शिविर का आयोजन 21 मई, 2022 को शुरू हुआ, जिसका समापन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था और उन्होंने योग शिविर की भव्य सफलता के लिए अपना आशीर्वाद दिया और आयोजकों को बधाई दी।

इस अवसर पर श्री सुरेंद्र जगलान, कोषाध्यक्ष श्री. सुरेंद्र कुमार एवं खेल टुडे के एडिटर-इन-चीफ श्री राकेश थपलियाल को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। प्राचार्य प्रो. संदीप तिवारी ने संस्थान का संक्षिप्त इतिहास और इस संस्थान के छात्रों ...

# सुविधा कैंप शनिवार को मंदिर मार्ग के बारात घर में आयोजित होगा

नई दिल्ली, (वीअ)। नई दिल्ली क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपभोक्ताओं को सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, महीने के चौथे शनिवार को पालिका परिषद् आरडब्ल्यूए के परिसरों में ही सुविधा शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसी श्रंखला में पालिका परिषद अपना आगामी सुविधा शिविर शनिवार, 25 जून, 2022 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक नई दिल्ली के मंदिर मार्ग के बारात घर में आयोजित कर रही है। इसमे विभिन्न विभागों के हेल्पडेस्क होंगे जो निकट की आवासीय कॉलोनियों के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं की शिकायतों का निवारण करेंगे । इस सुविधा कैंप में पालिका परिषद नए बिजली कनेक्शन/डिस्कनेक्शन, लोड वृद्धि/कमी, नाम परिवर्तन/स्थानांतरण, संपत्ति कर, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, एनडीएमसी के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवा मामलों, जल भराव, स्वच्छता, कूड़ा संबंधित शिकायतों का समाधान, सड़क मरम्मत, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, बरात घर और पार्कों की बुकिंग और एनडीएमसी अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों का ...